अति लघु उत्तरीय प्रश्न :

**1 अंक वाले प्रश्न**

**प्रश्न 1. लोकतांत्रिक सरकार बेहतर सरकार कैसे है ?**

उत्तर— यह एक जवाबदेह सरकार है और जनता को फैसले लेने में शामिल करती है।

**प्रश्न 2. लोकतंत्र क्या प्रदान करता है ?**

उत्तर— नागरिकों का गौरव और राजनीतिक समानता का सिद्धांत

**प्रश्न 3. लोकतंत्र सारी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता। यह लागू करने के लिए सरकार का मुश्किल रूप है। यह ———————— है।**

उत्तर— लोकतंत्र की कमियों में से एक

**प्रश्न 4. लोकतंत्र की सबसे बड़ी चुनौती क्या है ?**

उत्तर— लोगों के मध्य समानता और समाज से जातिवाद मिटाना

**प्रश्न 5. वह कौन-सी व्यवस्था है जिसमें जो सत्ता में होता है और उसके समर्थक लाभ पाते हैं और कमजोर वर्ग तथा अल्पसंख्यक को बाहर रखा जाता है ?**

उत्तर— तानाशाही

**प्रश्न 6. वह कौन-सी व्यवस्था है जिसमें सेना प्रमुख के पास सारी शक्तियाँ होती हैं और वह अपने विरुद्ध लोगों के विद्रोह को दबा देता है ?**

उत्तर— सेना का शासन

**प्रश्न 7. लोकतंत्र की ताकत है उसकी उन मूल्यों को बनाए रखने की योग्यता जिन का वह प्रतीक है। ये मूल्य क्या हैं ?**

उत्तर— स्वतंत्रता, समानता तथा न्याय

**प्रश्न 8. 1999 में पाकिस्तान में सेना द्वारा तख्ता पलट का नेतृत्व किसने किया था ?**

उत्तर— परवेज़ मुशर्रफ़

**प्रश्न 9. जिम्बाब्वे कब स्वतंत्र हुआ और किससे ?**

उत्तर— 1980 में अंग्रेजों के अल्पसंख्य शासन से।

**प्रश्न 10. विश्व के सबसे बुरे अकाल का सामना चीन ने किस वर्ष में किया था ?**

उत्तर— चीन में 1958–1961 का अकाल विश्व के सबसे बुरे काल की श्रेणी में आता है।

**प्रश्न 11. लोकतंत्र निर्णय लेने की क्षमता की गुणवत्ता को कैसे सुधारता है ?**

उत्तर— लोकतंत्र में निर्णय विचार-विमर्श और बहस के बाद लिए जाते हैं।

**प्रश्न 12. आधुनिक विश्व में लोकतंत्र का कौन सा प्रकार प्रचलित है ?**

उत्तर— प्रतिनिधि लोकतंत्र

**प्रश्न 13. भारतीय राजनीति प्रणाली में सीधे लोकतंत्र का उदाहरण कौन-सी संस्था है ?**

उत्तर— ग्राम सभा

Scanned with CamScanner

**प्रश्न 14. जानु-पी एफ क्या है ?**

उत्तर— जिम्बाब्वे का एक राजनीतिक दल

**प्रश्न 15. चीन की संसद का नाम क्या है ?**

उत्तर— नेशनल पीपल्स कांग्रेस (राष्ट्रीय जन संसद)

**प्रश्न 16. लोकतंत्र की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर— लोकतंत्र शासन का एक रूप है जिसमें जनता शासकों का चुनाव करती है।

**प्रश्न 17. अगस्त 2002 में परवेज मुशर्रफ द्वारा पास किया 'लीगल फ्रेमवर्क आर्डर' क्या है ?**

उत्तर— अगस्त 2002 में परवेज मुशर्रफ़ के द्वारा पारित 'लीगल फ्रेमवर्क आर्डर' ने पाकिस्तान के संविधान को बदल दिया। इसके अनुसार राष्ट्रपति, राष्ट्रीय और प्रांतीय असेंबलियों को भंग कर सकता है।

**प्रश्न 18. उस देश का नाम बताइए जहाँ 2015 तक महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं था।**

HOTS (विशेषण और मूल्यांकन)

उत्तर— सऊदी अरब

**प्रश्न 19. जिम्बाब्वे में मीडिया स्वतंत्र नहीं है। कैसे ?**

उत्तर— जिम्बाब्वे में मीडिया स्वतंत्र नहीं है क्योंकि टेलीविजन और रेडियो सरकार के नियंत्रण में है और सत्ताधारी पार्टी का पक्ष ही प्रस्तुत करते हैं। वहाँ स्वतंत्र अखबार ही है, लेकिन सरकार उनके उन पत्रकारों को परेशान करती है जो उसके विरुद्ध लिखते हैं।

**प्रश्न 20. आप कैसे कह सकते हैं कि चीन लोकतांत्रिक देश नहीं है ?**

उत्तर— चीन में चुनावों में लोगों के सामने कोई वास्तविक और गंभीर विकल्प नहीं होता। लोगों को शासक दल या उसके द्वारा स्वीकृत उम्मीदवार को ही वोट देना होता है। इसलिए हम यह नहीं कह सकते की चीन में लोकतांत्रिक सरकार है।

**प्रश्न 21. लोकतंत्र के प्रचार में नागरिकों की क्या भूमिका है ?** HOTS (विशेषण और मूल्यांकन)

उत्तर— लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को फ़ैसला लेने में समान भूमिका निभानी चाहिए। इसके लिए वोट के समान अधिकार के अतिरिक्त सूचना की समान उपलब्धता, बुनियादी शिक्षा, बुनियादी संसाधन और पक्की निष्ठा होनी चाहिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न :** **3 अंक वाले प्रश्न** *(उत्तर 80 शब्दों से अधिक न हों)*

**प्रश्न 1. लोकतंत्र की तीन विशेषताएँ क्या है ?**

उत्तर— लोकतंत्र की तीन विशेषताएँ इस प्रकार हैं :

(क) जनता द्वारा चुने हुए लोग मुख्य निर्णय लेते हैं।

(ख) चुनाव लोगों को वर्तमान शासकों को बदलने का विकल्प तथा निष्पक्ष अवसर प्रदान करते हैं।

(ग) यह विकल्प तथा निष्पक्ष अवसर सभी लोगों को समान रूप से उपलब्ध होता है।

(घ) इस विकल्प का अभ्यास संविधान के आधारभूत नियमों और नागरिकों के अधिकारों के द्वारा सरकार को सीमित रखता है।

*(कोई तीन)*

Scanned with CamScanner

**प्रश्न 2. भारत के पड़ोसी देशों में हाल ही में हुई कुछ प्रमुख राजनीतिक परिवर्तनों के विषय में लिखिए।**

उत्तर— (क) **पाकिस्तान :** जनरल मुशर्रफ़ ने सेना के द्वारा तख्तापलट का नेतृत्व किया।

(ख) **नेपाल :** 2005 में, नए राजा ने चुनी हुई सरकार को बर्खास्त कर दिया।

(ग) **इराक :** सद्दाम हुसैन की सत्ता को उखाड़ फेंका गया।

**प्रश्न 3. लोकतंत्र में निर्णय-लेने की गुणवत्ता में सुधार कैसे आता है ?**

उत्तर— लोकतंत्र व्यापक विचार-विमर्श और बहस पर आधारित है। लोकतांत्रिक रूप से निर्णय लेने में कई लोग, बहसें और मीटिंग शामिल होती हैं। लोकतांत्रिक फ़ैसले में ज़्यादा लोग शामिल होते हैं। अगर किसी एक मसले पर अनेक लोगों की सोच लगी हो तो उसमें गलतियों की गुंजाइश कम हो जाती है। महत्वपूर्ण मसलों पर थोड़ा समय लेकर फ़ैसले करने के काफी लाभ है इससे ज्यादा उग्र तथा गैर जिम्मेदार फ़ैसले लेने की संभावना घटती है। यह गलत या गैर जिम्मेदारी वाले निर्णय लेने से बचाता है। इस प्रकार लोकतंत्र निर्णय लेने की गुणवत्ता को सुधारता है।

**प्रश्न 4. लोकतंत्र नागरिकों के गौरव की रक्षा कैसे करता है ?**

उत्तर— लोकतंत्र में बेहतर फैसले लेने और उत्तरदायी सरकार चलाने का काम न भी हो तब भी यह दूसरों से बेहतर है। लोकतंत्र नागरिकों का सम्मान बढ़ाता है। लोकतंत्र राजनीतिक समानता के सिद्धांत पर आधारित है, यहाँ सबसे गरीब और अनपढ़ को भी वही दर्जा प्राप्त है जो अमीर और पढ़े-लिखे लोगों को है। लोग किसी शासक की प्रजा न होकर खुद अपने शासक है। अगर वे गलतियाँ करते हैं तो वे खुद भी इसके लिए जवाबदेह होते हैं।

**प्रश्न 5. लोकतंत्र अन्य सरकारों से बेहतर कैसे है ?**

उत्तर— (क) यह सही है कि लोकतंत्र अन्य प्रकार की सरकारों से बेहतर है क्योंकि इसमें हमें अपनी गलती ठीक करने का अवसर भी मिलता है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि लोकतंत्र में गलती नहीं हो सकती।

(ख) किसी भी किस्म की सरकार इस बात की गारंटी नहीं दे सकती। लोकतंत्र का लाभ यह भी है कि इसमें गलतियों को ज्यादा देर तक छुपाए नहीं रखा जा सकता।

(ग) इसमें गलतियों पर सार्वजनिक चर्चा की गुजांइश है। और सुधार की गुजांइश भी है। या तो शासक समूह अपना निर्णय बदले या शासक समूह को ही बदला जा सकता है। गैर लोकतांत्रिक सरकारों में ऐसा नहीं किया जा सकता।

**प्रश्न 6. लोकतंत्र हमें सब कुछ नहीं दे सकता और न ही सभी समस्याओं का हल है, फिर हमें लोकतंत्र में दिलचस्पी क्यों है ?**

उत्तर— हमें लोकतंत्र में दिलचस्पी है क्योंकि :

(क) यह उन सभी दूसरी व्यवस्थाओं से बेहतर है जिन्हें हम जानते है और दुनिया के लोगों को जिनका अनुभव है। यह अच्छे फैसलों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराता है, इसमें लोगों की इच्छाओं का सम्मान किए जाने की ज्यादा संभावना है और इसमें अलग-अलग तरह के लोग ज्यादा बेहतर ढंग से साथ-साथ रह सकते हैं।

(ख) अगर यह कुछ काम करने में असफल रहता है तब भी इसमें गलती सुधारने की संभावना है और इसमें सभी नागरिकों को ज्यादा सम्मान मिलता है। इसी कारण से लोकतंत्र को सबसे अच्छी शासन व्यवस्था माना जाता है।

Scanned with CamScanner

**बहुविकल्पीय प्रश्न :**

**1 अंक वाले प्रश्न**

**सही विकल्प चुनिए :**

1. *लोकतंत्र में प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार होना चाहिए। यह इस प्रकार हो कि*
   (क) एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य (ख) एक व्यक्ति लेकिन बिना वोट के
   (ग) (क) और (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

2. *लोकतंत्र में शक्ति के उपयोग के अधिकार का अंतिम निर्णय उन नेताओं या प्रतिनिधियों को होना चाहिए जो*
   (क) जनता द्वारा चुने गए हों (ख) स्वयं निर्वाचित हों
   (ग) (क) और (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

3. *एक लोकतंत्र स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर आधारित होना चाहिए जहाँ सत्ता में बैठे लोगों को बिना भेदभाव मौका मिले*
   (क) लड़ने का (ख) पराजित होने का
   (ग) खेलने का (घ) इनमें से कोई नहीं

4. *लोकतांत्रिक सरकार की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह संवैधानिक कानूनों द्वारा तय सीमाओं के भीतर काम करती है जो ऊपर है*
   (क) सरकार की नीतियों से (ख) निर्वाचन से
   (ग) नागरिकों के अधिकार से (घ) इनमें से कोई नहीं

5. *लोकतंत्र की व्यापक परिभाषा यह है कि यह सरकार का एक स्वरूप है जिसमें*
   (क) जनता द्वारा चुने गये शासक सारे प्रमुख फैसले करते हैं
   (ख) चुनाव लोगों को अपने शासकों को बदलने का भरपूर मौका देता है
   (ग) सरकार की सीमा संविधान और नागरिक अधिकारों से तय होती है
   (घ) उपर्युक्त सभी

6. *एक लोकतांत्रिक सरकार अच्छी सरकार होती है क्योंकि*
   (क) यह अधिक उत्तरदायी सरकार का स्वरूप है
   (ख) निर्णय लेने की प्रक्रिया में सुधार के लिए कई लोगों, विचार विमर्श और बैठकों को शामिल किया जाता है।
   (ग) (क) और (ख) दोनों
   (घ) इनमें से कोई नहीं

Scanned with CamScanner